न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, गंगरार जिला – चित्तौड़गढ़

पीठासीन अधिकारी – मुकेश कुमार मीणा

प्रकरण संख्या – 106/2018 राजस्व वाद

1. मॅागीलाल पिता बरदा जाति पुर्बिया ब्रहम्ण निवासी गंगरार तहसील गंगरार

बनाम

1.मु0शान्ति बेवा प्यारचन्द्र जाति पुर्बिया ब्राहम्ण निवासी गंगरार तहसील गंगरार
2.मु0शारदा बेवा जमनालाल जाति पुर्बिया ब्राहम्ण निवासी गंगरार तहसील गंगरार
3.मेनेजर एस.बी.आई.शाखा गंगरार तहसील गंगरार
4.तहसीलदार गंगरार

वादपत्र बाबत् धारा 53 188, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम

निर्णय

दिनांक 26.02.2020

वाद पत्र के संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि वादी एंव प्रतिवादीगण के सयुक्त खातेदारी एंव कब्जे काश्त मोजा ग्राम गगरार पटवार हल्का गंगरार के खाता सख्या 918, में अकित आराजी 712/4046, 836, 838 कुल किता 3 रकबा 0.19 हेक्टर एंव खाता सख्या 919 में अकित आराजी नम्बर 712, 835 कुल किता 2 रकबा 1.48 हेक्टर कृषि भूमि का विभाजन कराने हेतु वादी द्वारा वादपत्र प्रस्तुत किया ।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को नोटिस जारी किये गये। प्रतिवादी संख्या 1,2 बावजुद सुचना के अनुपस्थित रहने से इनके विरूद्व एक तरफा कार्यवाही के आदेश दिये गये। वादी ने अपने वाद पत्र को साबित कराने के लिए साक्ष्य वादी में मागीलाल का शपत पत्र प्रस्तुत किया। वकील वादी की एक पक्षीय बहस सुन कर दिनांक 27.06.2019 को प्राथमिक डिक्री जारी कर तहसीलदार गंगरार कमिश्नर नियुक्त कर डिक्री अनुसार विभाजन प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। तहसीलदार गंगरार विभाजन प्रस्ताव प्रस्तुत किया। वकील वादी ने विभाजन प्रस्ताव अनुसार अन्तिम डिक्री जारी करने हेतु निवेदन किया एक पक्षीय बहस सुनी गई । दस्तावेजी साक्ष्य का अवलोकन किया गया।

वादी का वाद पत्र विभाजन प्रस्ताव अनुसार स्वीकार किया जाकर आदेश दिया जाता है कि ग्राम गगरार पटवार हल्का गंगरार के खाता सख्या 918, में अकित आराजी 712/4046, 836, 838 कुल किता 3 रकबा 0.19 हेक्टर एंव खाता सख्या 919 में अकित

उपखण्ड अधिकारी
गंगरार जिला-चित्तौड़गढ़

आराजी नम्बर 712, 835 कुल किता 2 रकबा 1.48 हेक्टर कृषि भूमि का विभाजन निम्नानुसार किया जाता है।

1. मॅागीलाल पिता बरदा जाति पुर्बिया ब्रहम्ण निवासी गंगरार तहसील गंगरार के हिस्से में रहेगी । रहन एस.बी.बी.जे. शाखा गंगरार का यथावत रखा जावे।

आराजी नम्बर	रकबा हेक्टर में	किस्म	लगान
712 उतर दिशा	0.95	बीड	2.28
712/4046	0.11	बीड	0.26

कुल किता 2 रकबा 1.06 हेक्टर,लगान 2.54

2. मु0शान्ति बेवा प्यारचन्द्र, मु0शारदा बेवा जमनालाल जाति पुर्बिया ब्राहम्ण निवासी गंगरार तहसील गंगरार के हिस्से में रहेगी ।

आराजी नम्बर	रकबा हेक्टर	किस्म	लगान
712 दक्षिण दिशा	0.15	बीड	0.36
835	0.38	बीड	0.91
836	0.04	बीड	0.10
838	0.04	बाडा	—

कुल किता 4 रकबा 0.61 लगान 1.37

उक्त विभाजन अनुसार राजस्व रेकार्ड में अमलदरामद किया जावे एवं नक्शे में तरमीम किया जावे। प्रतिवादीगण, वादी के हक हिस्से में किसी प्रकार की दखलन्दाजी नही करे, स्थाई निषेधाज्ञा से पाबन्द किया जाता है। डिक्री पृथक से जारी हो। खर्चा पक्षकाराना अपना अपना वहन करे। तदनुसार डिक्री जारी हो।

निर्णय खुली अदालत सुनाया गया ।

सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी
गंगरार जिला — चित्तौड़गढ़

उपखण्ड अधिकारी
गंगरार जिला-चित्तौड़गढ़

Signature Not Verified
Digitally signed by Mukesh Kumar Meena
Date: 2020.03.14 14:05:43 IST
Reason: SelfAttested
Location: